# गर्मी से तप रहा है संपूर्ण भारत देश

## नागपुर और विदर्भ में 10 साल का रिकॉर्ड टूटा, बाहर निकलना हुआ मुश्किल

- भारत में लू का कहर, 48 डिग्री तक तापमान
- डॉक्टरों ने अलर्ट जारी किया, लू से बचाव जरूरी



**नई दिल्ली, 21 मई. पूरा उत्तर और मध्य भारत इस समय असाधारण लू की चपेट में है. राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में तापमान 43 से 48 डिग्री के बीच पहुंच चुका है.इस भीषण गर्मी से अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है.**

जहां लोग लू, दस्त, उल्टी और शरीर में पानी की कमी जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं.गाँवों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, जंगलों में आग लगी है और जानवर पानी की तलाश में भटक रहे हैं.शहरों में बिजली और पानी की किल्लत ने हालात और गंभीर कर दिए हैं.नागपुर और विदर्भ में पिछले 10 साल का तापमान रिकॉर्ड टूट गया है, वहीं रतलाम और झारखंड के ग्रामीण इलाके पानी के लिए किलोमीटरों पैदल चलने को मजबूर हैं.राजधानी दिल्ली और आसपास के राज्यों में मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.इस भीषण लू ने इंसानों और जानवरों दोनों के जीवन को मुश्किल बना दिया है.मंदिरों में भगवान की मूर्तियों के लिए,ष्ट लगाए जा रहे हैं और श्रद्धालु आस्था के लिए भीषण गर्मी में पानी में डुबकी लगा रहे हैं.यह गर्मी सिर्फ कुछ शहरों की नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक चुनौती बन गई है. राजस्थान के फतेहपुर शेखावाटी में दिन का तापमान 45.5 डिग्री तक पहुंच गया है हवाओं के कारण लोगों को 46 डिग्री जैसी झुलसती गर्मी महसूस हो रही है.

### भीषण गर्मी पर सीएम योगी सख्त, सभी विभागों को दिए निर्देश



**लखनऊ, 21 मई.** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं.उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राहत-बचाव कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी. उन्होंने अस्पताल, पेयजल और बिजली व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने को कहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसामान्य को हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और गर्मी से होने वाली अन्य समस्याओं से बचाने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करे.

## फाल्टा विधानसभा में रिकॉर्ड 74% मतदान

कोलकाता, 21 मई. पश्चिम बंगाल के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में हो रहे पुनर्मतदान में गुरुवार दोपहर तीन बजे तक 74.10 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया था और शाम छह बजे तक चलेगा।चुनाव आयोग ने मतदान शांतिपूर्ण ढंग और पारदर्शिता से संपन्न कराने के व्यापक प्रबंध किये हैं. इस सीट पर कुल 2.36 लाख मतदाता हैं। इनमें 1,21,300 पुरुष, 1,15,135 महिला और नौ उभयलिंगी मतदाता शामिल हैं।इससे पहले गत 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल चुनाव के दूसरे चरण के दौरान कई शिकायतों के बाद फाल्टा विधानसभा सीट पर पुनर्मतदान का आदेश दिया था। इस विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों से आरोप सामने आए थे कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार का नाम और चुनाव चिह्न कथित तौर पर टेप और दूसरी चीजों से छुपाया गया था.

# भारत-कोरिया की सैन्य मित्रता का प्रतीक

- राजनाथ ने भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया
- 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की वीरता को सम्मान



**नई दिल्ली, 21 मई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने गुरुवार को सियोल स्थित इमजिंगाक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया. श्री सिंह दो दिन की दक्षिण कोरिया की यात्रा पर हैं.**

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मृति कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्मित यह स्मारक भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया द्वारा युद्ध के दौरान प्रदर्शित साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है।दोनों मंत्रियों ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और उन वीर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिनकी सेवा को कोरिया की जनता आज भी बहुत सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करती है. भारत की ओर से उन्होंने कोरिया सरकार, विशेष रूप से पूर्व सैनिक मामलों के मंत्रालय, द्वारा स्मारक की स्थापना में दिए गए सहयोग और समर्थन के लिए सराहना व्यक्त की। कोरिया पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री ने कोरियाई युद्ध के दौरान भारत की भूमिका की प्रशंसा की.

### दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान सराहनीय

रक्षा मंत्री ने कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और मानवीय सहायता के लिए भारत के योगदान की स्थायी विरासत का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान भारत-कोरिया गणराज्य विशेष सामरिक साझेदारी की मजबूत नींव बने हुए हैं. श्री सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिकों की भूमिका का स्मरण लोगों के बीच आपसी समझ को सुदृढ़ करता है और दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों की ओर नए सिरे से ध्यान आकर्षित करता है

## अशोक खरात उर्फ कैप्टन हुआ गिरफ्तार



**नई दिल्ली, 21 मई.** प्रवर्तन निदेशालय ने खुद को भगवान बताने वाले अशोक कुमार एकनाथ खरात को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है. ईडी की मुंबई जोनल इकाई ने आरोपी को विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया, जहां से उसे सात दिन की हिरासत में भेज दिया गया.ईडी के अनुसार आरोपी पर धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की आड़ में लोगों से जबरन वसूली करने का आरोप है. जांच में सामने आया कि वह खुद को भगवान शिव का अवतार बताकर अलौकिक शक्तियों और काले जादू से बचाने का दावा करता था.

## नवाचार सशस्त्र बलों के ढांचे में बदलाव के मुख्य स्तंभ : जनरल

**नयी दिल्ली 21 मई. प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने भारतीय सशस्त्र बलों के भविष्य के ढांचे में बदलाव के लिए 'एकीकरण, आत्म-निर्भरता और नवाचार' को मुख्य स्तंभ बताया है.**



जनरल चौहान ने गुरुवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में मुख्यालय, एकीकृत रक्षा स्टाफ और सैन्य मामलों के विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल के लिए लगातार प्रयासों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सशस्त्र बल अभी हाल के समय के सबसे महत्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं.

उन्होंने जोर देकर कहा कि सशस्त्र बलों में एकीकरण के उद्देश्य से किए जा रहे मौजूदा सुधार केवल संगठनात्मक समायोजन नहीं हैं, बल्कि सैन्य कामकाज, क्षमता विकास और परिचालन तत्परता में एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक हैं.

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच घनिष्ठ तालमेल से अंतर-संचालन बढेगा, परिचालन दक्षता मजबूत होगी और बदलते सुरक्षा माहौल में देश की समग्र रक्षा तत्परता में सुधार होगा.

## शब्दों और भाषणों के जरिये असली चेहरा दिखा रहे राहुल गांधी : गोयल



**नई दिल्ली, 21 मई. भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर दिए गए कथित बयान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लिया है. केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल गांधी अपने भाषणों और शब्दों से बार-बार अपना 'असली चेहरा' दिखा रहे हैं.**

नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री मोदी की हालिया पांच देशों की यात्रा को भारत के लिए महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि इस दौरे में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा मजबूत हुई और कई देशों ने प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया. गोयल ने दावा किया कि यात्रा से भारत की अर्थव्यवस्था, निवेश और वैश्विक साझेदारी को मजबूती मिलेगी. राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार के कारण उनमें हताशा और कुंठा दिखाई देती है. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और गांधी परिवार घुसपैठियों का समर्थन करते हैं, जिसे उन्होंने 'गद्दारी' करार दिया. गोयल ने कहा कि वैश्विक मंच पर तिरंगे का सम्मान बढ़ाना देशभक्ति है.

> केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान 50 से अधिक प्रमुख कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की. उनके अनुसार इन कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 30 लाख करोड़ डॉलर से अधिक है और भारत को दुनिया एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है. प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और मीडिया सह-प्रमुख डॉ. संजय मयूख भी मौजूद रहे.

# 59 साल बाद कांग्रेस की सत्ता में वापसी

## कांग्रेस के बाद, आईयूएमएल विजय के मंत्रिमंडल में होगी शामिल

**चेन्नई, 21 मई.** तमिलनाडु में सी जोसेफ विजय की टीवीके सरकार में कांग्रेस के बाद अब इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी गुरुवार को मंत्रिपरिषद में शामिल होने की घोषणा की, जिससे राज्य में चुनाव के बाद पहली बार एक बड़े राजनीतिक पुनर्गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ. वहीं, तमिलनाडु में 59 साल बाद कांग्रेस सत्ता में आई है. राष्ट्रीय स्तर पर आईयूएमएल के शीर्ष नेताओं की सहमति मिलने के बाद, पार्टी अध्यक्ष के एम खादर मोइदीन ने पार्टी की प्रशासनिक समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए घोषणा की कि आईयूएमएल ने श्री विजय के उदारतापूर्वक दिए गए निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री के रूप में मंत्रिमंडल में शामिल होने का निर्णय लिया है. श्री खादेन मोइदीन ने बताया कि दो विधायकों में से, तंजावुर जिले के पापनासम से निर्वाचित ए एम शाहजहाँ, जल्द ही मंत्री पद की शपथ लेंगे और आईयूएमएल बाद में अपने दूसरे विधायक सैयद फारूक पाशा, जो वानीयमबाड़ी से निर्वाचित हुए हैं, के लिए मंत्रिमंडल में एक और पद की मांग करेगी. विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने के बावजूद बहुमत से कम रहने के बाद टीवीके को बचाने के लिए कांग्रेस (5 विधायकों के साथ) आगे आई और अंततः मंत्रिमंडल में प्रवेश किया. दो विधायकों - सीएलपी नेता राजेश कुमार और पी विश्वनाथन को पहली बार बने गठबंधन शासन में शामिल किया गया.

> मंत्रिमंडल में 23 और सदस्यों को शामिल करने के साथ इसकी कुल संख्या 33 हो गई है. विजय ने अल्पसंख्यक कल्याण और आदि द्रविड़ विभागों को छोड़कर लगभग सभी विभागों को भर दिया है। ये विभाग आईयूएमएल और वीसीके के लिए आरक्षित किए गए हैं. वामपंथी दलों भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने ने मंत्रिमंडल में शामिल होने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और विजय सरकार को अपना बिना शर्त बाहरी समर्थन जारी रखा.

## गडकरी ने की उप्र के 11,672 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की समीक्षा



**नयी दिल्ली, 21 मई.** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मीडिया और सोशल मीडिया से मिली शिकायतों एवं सुझावों के आधार पर उत्तर प्रदेश में 11,672 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव संबंधी कार्यों की गुरुवार को समीक्षा की.

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार यहां आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्रालय में राज्यमंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा के अलावा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और परियोजना ठेकेदारों के अधिकारी शामिल हुए। श्री गडकरी ने परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता मानकों के कड़ाई से पालन और टिकाऊ एवं कुशल राजमार्ग अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क संपर्क बढ़ाने, आर्थिक विकास को गति देने और यात्रियों की सुविधा में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को मानसून की तैयारियों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने तथा सड़क सुरक्षा और राजमार्गों की मजबूती बनाए रखने के लिए निवारक उपाय लागू करने और प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करने के निर्देश भी दिए.

## 35 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त

**बेंगलुरु, 21 मई.** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पुलिस ने करीब 35 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थों की बड़ी खेप बरामद करके इससे जुड़े एक अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है. इस बरामदगी को हाल के वर्षो में की गयी बड़ी बरामदगियों में से एक बताया जा रहा है. पुलिस ने गुरुवार को बताया कि तीन विदेशी नागरिकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और लगभग 35 करोड़ रुपये मूल्य की 17.5 किलोग्राम एमडीएमए जब्त की गई है. पुलिस ने बताया कि आनंदनगर क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी की गतिविधियों के संबंध में इस महीने की शुरुआत में मिली सूचना के बाद हेब्बल पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत उत्तरी डिवीजन की टीम ने यह अभियान चलाया.

## राहुल के मानहानि मामले की अगली सुनवाई 17 को

**सुलतानपुर, 21 मई.** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ सुलतानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे मानहानि मामले में गुरुवार को नया घटनाक्रम सामने आया.मामले की सुनवाई कर रहे एमपी/एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश शुभम वर्मा ने मूल मानहानि वाद में अगली सुनवाई के लिए 17 जून निर्धारित की है.

### आज का इतिहास

1545 - भारत में सूर साम्राज्य का संस्थापक और महान योद्धा शेरशाह सूरी का निधन.
1774 - धार्मिक और सामाजिक विकास के क्षेत्र में सबसे अग्रणी नाम राजा राममोहन राय का जन्म.
1805 - गवर्नर जनरल लॉर्ड वेलेजली ने एक आदेश के तहत दिल्ली के मुगल बादशाह के लिए एक स्थायी प्रावधान की व्यवस्था की.
1960 - चिली में इतिहास का सबसे शक्तिशाली भूकंप आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 9.5 मापी गई थी.
1972 - पाकिस्तान द्वारा राष्ट्रमंडल की सदस्यता से त्यागपत्र.
1990 - उत्तरी एवं दक्षिणी यमन के विलय के साथ संयुक्त यमन गणराज्य का अभ्युदय.

## किसान आईडी और नई तकनीक पर जोर




**नई दिल्ली, 21 मई. भुवनेश्वर में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय खरीफ कृषि जोनल कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूर्वी भारत की कृषि को नई ऊंचाई देने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच विषय-विशेष, क्षेत्र-विशेष और राज्य-विशेष रोडमैप के साथ आगे बढ़ना जरूरी है.**

उन्होंने कहा कि ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल को शामिल करने वाली यह जोनल कॉन्फ्रेंस खाद्य सुरक्षा, पोषण, किसान आय, फसल विविधीकरण, इंटीग्रेटेड फार्मिंग, संतुलित उर्वरक उपयोग, फार्मर आईडी, दलहन-तिलहन, प्राकृतिक खेती, हॉर्टिकल्चर और कृषि अवसंरचना जैसे विषयों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा का मंच बनी. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से चर्चा में कहा कि देश बड़ा है, कृषि-जलवायु परिस्थितियां अलग-अलग हैं, मिट्टी की प्रकृति अलग है और राज्यों की चुनौतियां भी भिन्न हैं, इसलिए अब एक ही राष्ट्रीय सम्मेलन के बजाय जोनल कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था अधिक प्रभावी साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि यह तीसरी जोनल कॉन्फ्रेंस है और इसमें ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड तथा पश्चिम बंगाल शामिल हैं, ताकि पूर्वी भारत की जरूरतों के अनुरूप विस्तार से चर्चा कर ठोस निर्णय लिए जा सकें। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के कृषि के संबंध में तीन उद्देश्य स्पष्ट है- देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, केवल अनाज ही नहीं बल्कि पोषण की उपलब्धता भी बढ़ाना और उनकी आय तथा आजीविका को मजबूत करना. उन्होंने कहा कि इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने छह सूत्रीय रणनीति पर काम आगे बढ़ाया है.

# भारत को मिला 40 अरब डॉलर का निवेश

- मोदी की यात्रा से बदला विदेशों का नजरिया

**नई दिल्ली, 20 मई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पांच दिवसीय यात्रा से भारत को करीब 40 अरब डॉलर के नए निवेश की प्रतिबद्धताएं हासिल हुई हैं.**

इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 50 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की. इन कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्य 2.7 से 3 ट्रिलियन डॉलर के बीच है. भारत की कृषि विरासत और आधुनिकता का संगम-पारंपरिक धान किस्मों और मिलेट्स के माध्यम से प्राचीन कृषि परंपरा संरक्षित. हेल्दी बार्स और आधुनिक व्यंजन इन्हें आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप बनाते हैं.

### प्रधानमंत्री मोदी की पांच दिवसीय विदेश यात्रा के दौरान भारत की उपलब्धियां और निवेश घोषणाएं

- नए निवेश प्रतिबद्धताएं-प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से भारत को करीब 40 अरब डॉलर के नए निवेश की प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई.
- महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश-सीईओ और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात में सेमीकंडक्टर, लॉजिस्टिक्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाइड्रोजन और जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने पर चर्चा हुई.
- प्रतिभागी कंपनियों का बाजार मूल्य-इन 50 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्य 2.7 से 3 ट्रिलियन डॉलर के बीच है.
- संयुक्त अरब अमीरात निवेश-भारत में 5 अरब डॉलर के नए निवेश की घोषणा
- भारत में मौजूदा निवेश-इन कंपनियों की भारत में पहले से ही मजबूत उपस्थिति है, और उनका कुल निवेश लगभग 180 अरब डॉलर है.
- यात्रा में शामिल देश-प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा में एआई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली शामिल थे.
- नीदरलैंड के साथ रणनीतिक साझेदारी-व्यापार, रक्षा, सेमीकंडक्टर और ग्रीन हाइड्रोजन पर रणनीतिक साझेदारी रोडमैप जारी किया गया.
- स्वीडन और इटली के साथ संबंध-स्वीडन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति.
- इटली के साथ संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उठाया गया.
- नॉर्वे में शिखर सम्मेलन-नॉर्वे में तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया गया, जो क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करेगा.
- भारत की निवेश आकर्षकता-इस यात्रा से भारत को ग्लोबल इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में मजबूत बनाने में मदद मिली और विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ा.

**पुण्यतिथि** — प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी

# पापा आपकी सीख, संस्कार और यादें मेरे साथ रहेंगी

**नई दिल्ली, 21 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि.**

उन्होंने एक्स पर यह भी लिखा कि राजीव गांधी 1984 से 1989 तक देश के प्रधानमंत्री रहे. 21 मई, 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक चुनावी अभियान के दौरान लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) द्वारा किए गए एक आत्मघाती हमले में उनकी मौत हो गयी थी.



उधर, राहुल गांधी ने भी एक पोस्ट में पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए लिखा पापा, आपने जिस कुशल, समृद्ध और मजबूत भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने की जिम्मेदारी मैं पूरी करूंगा. आपकी सीख, आपके संस्कार और आपकी यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी. वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारत एक प्राचीन देश है, लेकिन एक युवा राष्ट्र है. मैं ऐसे भारत का सपना देखता हूं— मजबूत, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और विश्व के अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा, जो मानवता की सेवा करे. उन्होंने कहा कि उनकी विरासत आज भी आधुनिक भारत को दिशा दे रही है और नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है.

### सोनिया, खरगे, राहुल, प्रियंका ने किया नमन

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को यहाँ उनके समाधि स्थल वीर भूमि जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. वीर भूमि पर इस दौरान राजीव गांधी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे.

# शुभेंदु सरकार ने बढ़ाई सीमा सुरक्षा का दायरा

## मुर्शिदाबाद में बीएसएफ को सौंपी 27 किलोमीटर जमीन

- 18 किमी में कंटीले तारों की बाड़ लगाई जाएगी
- लगभग 600 किमी बिना बाड़ वाले हिस्से में सुधार



**कोलकाता, 21 मई. पश्चिम बंगाल सरकार ने मुर्शिदाबाद और मालदा जिले की सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बीएसएफ को 27 किलोमीटर जमीन सौंप दी है.**

इसमें 18 किलोमीटर में कंटीले तार की बाड़ और 9 किलोमीटर में चौकियां तथा अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है. पश्चिम बंगाल सरकार ने मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों की भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए बीएसएफ को कुल 27 किलोमीटर जमीन सौंपने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को नबान्ना में इस औपचारिक भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया की शुरुआत की. 18 किमी में कंटीले तार की बाड़ लगाई जाएगी और 9 किलोमीटर में बीएसएफ चौकियों और बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा. मुर्शिदाबाद और मालदा संवेदनशील सीमा जिले हैं, जहां बड़ी आबादी है और बीएसएफ लंबे समय से इन क्षेत्रों में घुसपैठ और गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए पर्याप्त सहयोग की उम्मीद कर रही थी.

> मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पिछली सरकार पर सीमा सुरक्षा में बाधा डालने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि सीमा पर बाड़बंदी राष्ट्रीय और राज्य सुरक्षा के लिए जरूरी है और घुसपैठ, तस्करी, नकली मुद्रा और जबरन धर्मांतरण जैसी गतिविधियों से निपटने के लिए सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना अत्यावश्यक है.